बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 110 दिनांक 21/8/2008

अध्यक्ष

अरूण चन्द्र मिश्र

(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

उपाध्यक्ष

* शम्भु नाथ मिश्र

(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अख़लाक अहमद

(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव

सुशील कुमार

(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बडियार

(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार

(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह

(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर

(M) 9431407901
(O) 9334387555

सेवा में,

प्रधान सचिव,
ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः–राज्य के 432 वाहन विहीन प्रखंडों के लिए उपलब्ध कराये गये नये टाटा सूमो पर प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदनाम अंकित किये जाने के संबंध में।

प्रसंगः–विभागीय पत्रांक 116/आवं0 दिनांक 29.07.08

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा राज्य के कुल 432 वाहन विहीन प्रखंडों के लिए नये टाटा सूमो इको वाहन क्रय करने हेतु आवंटन दिया गया है। यह एक सराहनीय कदम है तथा इनसे सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यो के कार्यान्वयन एवं प्रर्यवेक्षण में आवश्यक गतिशीलता आने की उम्मीद है। इस संबंध में प्रासंगिक पत्र की कंडिका 11 की उपकंडिका 2 एवं 3 की ओर बिहार प्रशासनिक सेवा संघ सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता है जिसके द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि उपलब्ध कराये गये सभी वाहन एक ही रंग (मैरिन ब्लू) के होंगे तथा सभी वाहनों के चारों ओर दायें, बायें, सामने एवं पीछे प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड का नाम बड़े–बड़े अक्षरों में हिन्दी में कंपनी द्वारा उल्लेखित किया जायेगा।

सरकार इस तथ्य से अवगत है कि विगत कुछ दिनों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों का असामाजिक तत्वों द्वारा घेराव, मारपीट आदि की घटनाएँ बढ़ रही है तथा दो माह पूर्व अरियरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी की नृशंस हत्या भी की जा चुकी है। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जनहित एवं विकास संबंधी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं प्रर्यवेक्षण के क्रम में प्रखंड के दूरगामी इलाकों में अकेले जाना पड़ता है, जहाँ न तो उन्हें किसी प्रकार की सुरक्षा प्राप्त होती है और न ही बचाव का कोई साधन। असामाजिक तत्वों के बढ़ते दुःसाहस के कारण भी प्रखंड विकास पदाधिकारियों में भय का जो माहौल व्याप्त हुआ है उनकी सुरक्षा हेतु माननीय मुख्यमंत्री से अनुरोध भी किया गया है।

ऐसी स्थिति में अन्य सरकारी वाहन के सफेद रंग से हटकर मैरिन ब्लू रंग का वाहन उपलब्ध कराने तथा उसपर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड का नाम चारो तरफ अंकित कर दिये जाने से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को असामाजिक एवं उग्रवादी तत्वों द्वारा ज्यादा आसानी से पहचान कर लक्ष्य किया जा सकेगा जिससे न सिर्फ उनके कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, बल्कि भय का माहौल भी बन सकता है।

साथ ही M.V.I Act के अनुसार भी सरकारी वाहनों में सिर्फ सामने नेमप्लेट लगाने का प्रावधान है, अगल–बगल या पीछे नहीं।

अतः सुरक्षा की दृष्टि से तथा कार्य हित में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ सरकार से यह माँग करता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी अन्य सरकारी वाहनों की तरह सफेद रंग का ही टाटा सूमो उपलब्ध कराया जाये, जिसपर मात्र सामने में प्रखंड विकास पदाधिकारी का नेमप्लेट लगा हो।

विश्वासभाजन

21/8/08

(सुशील कुमार)
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ